# मारपीट से जख्मी युवक की मौत, परिजन ने हाईवे पर किया जाम



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/पोरसा, 4 अक्टूबर।** मारपीट में घायल युवक की मौत के विरोध में आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जाम नेशनल हाईवे क्रमांक 552 पोरसा में पचपेड़ा पर साढ़े चार घंटे तक जाम लगाया। बाजार भी बंद रहा। पीड़ित पक्ष ने जो मांग रखीं, उन

**22 दिन पूर्व पोरसा में हुई थी मारपीट, जयपुर में इलाज के दौरान हुई मौत**

पर कार्रवाई का आश्वासन अधिकारियों ने दिया, उसके बाद जाम खुल सका।

जानकारी के अनुसार भीमसेन उर्फ बंटी 35 पुत्र श्रीचंद तोमर निवासी अंबाह रोड पोरसा की मामूली विवाद को लेकर सनी तोमर, गोलू तोमर ने 12 सितंबर को नागाजी पेट्रोल पंप के पास मारपीट की। इस दौरान उसको जमीन पर भी पटका, इसलिए भीमसेन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए पोरसा से जिला अस्पताल रेफर किया। यहां से परिजन उसको जयपुर एसएमएस हॉस्पीटल ले गए। उपचार के दौरान 3 अक्टूबर की शाम उसकी मौत हो गई। रात को बॉडी पोरसा आ गई थी। शनिवार की सुबह सात बजे आक्रोशित लोगों ने पचपेड़ा पोरसा में नेशनल हाईवे जाम कर दिया। आक्रोश को देखते हुए बाजार भी बंद रहा। सूचना मिलने पर एसडीएम रामनिवास सिकरवार, एसडीओपी रवि भदौरिया मौके पर पहुंचे और पीड़ित पक्ष की मांग सुनी और आश्वासन दिया, उसके बाद 11.30 बजे जाम खुल सका।

**प्रधान आरक्षक लाइन अटैच, गार्ड होगा तैनात :** पीड़ित पक्ष की मांगों को स्वीकारते हुए अधिकारियों ने प्रधान आरक्षक धीरज को तत्काल लाइन अटैच किया गया है। वहीं पीड़ित पक्ष के दरवाजे पर गार्ड तैनात किया जाएगा। तीन लाइसेंस बनाए जाएंगे। पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

**मारपीट में शामिल एक आरोपी जिलाबदर :** मृतक भीमसेन तोमर की मारपीट करने वाले आरोपियों में शामिल एक आरोपी सनी तोमर शातिर अपराधी है। मारपीट के बाद पुलिस उसको जिलाबदर कर चुकी है।
उसके खिलाफ पूर्व से ही कई अपराध दर्ज हैं। एक अन्य आरोपी गोलू तोमर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### यह थी आक्रोशित परिजन की मांग

- आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए।
- आरोपियों की गिरफ्तारी तक सुरक्षा के तौर पर पीड़ित पक्ष के दरवाजे पर गार्ड लगाया जाए।
- पीड़ित पक्ष को तीन आर्म्स लाइसेंस दिए जाएं।
- प्रधान आरक्षक धीरज के खिलाफ कार्रवाई की जाए।
- पोरसा थाने में निरीक्षक स्तर का थाना प्रभारी तैनात किया जाए।
- आरोपियों की अवैध सम्पत्ति को तोड़ा जाए।

### इनका कहना है...

पीड़ित पक्ष के आर्म्स लाइसेंस बनाए जाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड लगा जा रहा है। प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच किया है। एक आरोपी गोलू तोमर को पकड़ लिया है, पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा। एक आरोपी सनी तोमर को मारपीट के बाद ही जिलाबदर किया जा चुका है।
**– रवि भदौरिया**
**एसडीओपी, अंबाह**

# 32 बोर पिस्टल, 2 जिंदा राउंड के साथ बदमाश गिरफ्तार



**मुरैना, 4 अक्टूबर।** सिविल लाईन थाना पुलिस ने शनिवार को वारदात की नीयत से घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा राउंड बरामद किए गए है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक दर्शन शुक्ला को सूचना मिली कि सवितापुरा नहर के पास एक वारदात हथियार लेकर वारदात करने की फिराक में खड़ा हुआ है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर दविश दकर वहां से एक युवक को पकड़ा। जिसमें पूछताछ में अपना नाम अभिषेक सिंह किरार निवासी ग्राम खुरैरी, जिला ग्वालियर बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा राउंड बरामद किए। बदमाश के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है। कार्रवाई में निरी. दर्शन शुक्ला के साथ प्र.आर. सुनील बंसल, दीपक सोलंकी, आर. अराफात, संजय, सुनील, राजकुमार, भरत शामिल थे।

# बलेनो कार में 34 पेटी शराब ले जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 अक्टूबर।** बलेनो कार में देशी शराब की 34 पेटियों का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक शराब तस्कर को सिविल लाईन पुलिस ने शनिवार की दोपहर दबोच लिया। कार सहित शराब को

**सिविल लाईन पुलिस ने लश्करी का पुरा रोड से दबोचा**

जब्त कर पुलिस ने तस्कर के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जब्त की गई शराब का मूल्य 1 लाख 2 हजार रूपये बताया गया है।

शनिवार की दोपहर सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक दर्शन शुक्ला को मुखबिर ने शराब के अवैध परिवहन की




सूचना दी थी। इस सूचना के आधार पर निरीक्षक श्री शुक्ला ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी करते हुए लश्करी का पुरा रोड से बलेनो कार क्रं. एमपी07-जेडवाय-4932 को पकड़ा। कार को ड्राईव कर रहे युवक सोनू पुत्र वीरेन्द्र जाट नि. ग्राम गुन्हारा थाना हस्तिनापुर ग्वालियर को हिरासत में ले लिया। जांच के दौरान पुलिस ने कार से देशी शराब की 34 पेटियां जब्त कीं। पुलिस ने शराब सहित कार को जब्त कर लिया। जब्त किए गए माल की कीमत 7 लाख 2 हजार रूपये आंकी गई है। इस कार्यवाही में निरीक्षक दर्शन शुक्ला, प्र.आर. सुनील बंसल, दीपक सोलंकी, आरक्षक अराफात, संजय, सुनील, राजकुमार, भरत शामिल थे।

### विस अध्यक्ष तोमर आज मुरैना आएंगे

**मुरैना, 4 अक्टूबर।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर जबलपुर से प्रस्थान कर 05 अक्टूबर को सुबह 5:54 बजे तक मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री तोमर 05 अक्टूबर को मुरैना से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे अम्बाह में दशहरा मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। अपरान्ह 03 बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मुख्यालय जैसा दिखे मुरैना, इसके लिए काम करेंगे : लोकेश

**नवागत कलेक्टर ने कहा अतिक्रमण हटाने, ट्रैफिक सुधारने में वक्त लगेगा, सिस्टम में कसावट के सकारात्मक परिणाम 48 घंटे में दिखने लगेंगे**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 अक्टूबर।** मुरैना जिला एवं संभागीय मुख्यालय है, तो इसका स्वरूप भी मुख्यालय जैसा दिखना चाहिए। मुरैना के स्वरूप को बेहतर बनाने के लिए काम करेंगे। यह बात नवागत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कही।

कलेक्टर श्री जांगिड़, शनिवार की शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में मीडियाकर्मियों से औपचारिक वार्तालाप कर रहे थे। इस दौरान कलेक्टर श्री जांगिड़ ने मीडियाकर्मियों से शहर एवं जिले के विकास से जुड़े सुझाव लिए और समस्याओं को भी जाना। मुरैना शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने को लेकर कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि शहर की मुख्य



सड़कों से अतिक्रमण को हटाकर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए थोड़ा समय लगेगा। एज्युकेशन और हेल्थ सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के सकारात्मक परिणाम आगामी 48 घंटे में दिखना शुरू हो जाएगें। श्री जांगिड़ ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में अपने दफ्तर में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से आने वाली समस्याओं और सिस्टम की खामियों को अधिकारी, कर्मचारी नजरंदाज कर देते है, लेकिन वे ऐसा नहीं करेंगे। मीडिया के माध्यम से सामने आने वाली समस्याओं को संज्ञान में लेकर उनके निराकरण का प्रयास किया जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि सैंपलिंग के कार्य में तेजी लाई जाएगी। शहर के सदर बाजार से हाथठेलों को हटाए जाने के बिंदु पर उन्होंने कहा कि उर्पयुक्त हॉकर्स जोन चिन्हित किए जाने के बाद प्लानिंग के साथ कार्रवाई की जाएगी। प्रयास होगा कि रेहड़ी-हाथठेला चालकों का कारोबार प्रभावित न हो और समस्या का समाधान भी हो जाए।

# कांग्रेस 15 तक चलाएगी वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 अक्टूबर।** सांसद राहुल गांधी द्वारा उठाए गए वोट चोर-गद्दी छोड़ मुद्दे को लेकर जिला

**अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित**

कांग्रेस कमेटी द्वारा 15 अक्टूबर तक जिलेभर में वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन शनिवार की दोपहर न्यू हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर हुआ। बैठक में समन्वय समिति के सदस्यों सहित ब्लॉक अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर एवं शहर अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से की। बैठक में समिति के सदस्यों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को टारगेट देते हुए इस अभियान के माध्यम से जनता से जुड़ने को कहा गया।

शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगरीय क्षेत्र के वार्डों में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ता बाकायदा टेंट लगाकर आमजन को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ेंगे। मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर आमजन को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह तोमर, दीपक शर्मा, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया ने भी संबोधित किया।

### बैठक में इनकी रही मौजूदगी

प्रवक्ता हरीश पाठक, सुभाष सिकरवार, जसवीर गुर्जर, श्रीमती मंजू सिकरवार, प्रदीप रजक, विक्रमराज मुदगल, राजेन्द्र जादौन, उदयराज जादौन, रमेश शाक्य, रिंकू पचौरी, राजकुमार सिकरवार, ढरू सिंह सिकरवार, पूरन सिंह, दलवीर सिंह तोमर, विशंभरदयाल गुप्ता, मनीष शर्मा आदि बैठक में उपस्थित थे।

# एमएस रोड पर 3 घंटे रहा ट्रैफिक जाम, डेढ़ घंटे फंसी रही एम्बुलेंस

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 अक्टूबर।** व्हीआईपी कल्चर शहर की जनता के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। ताजा वाकया विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के छोटे बेटे रघु तोमर के जन्मदिन का है। शुक्रवार की रात रघु तोमर का काफि ला अपने पैतृक गांव औरेठी से अंबाह होते हुए मुरैना आया। इस दौरान उनके

**विस अध्यक्ष के पुत्र के जन्मदिन पर रैली-स्वागत से ट्रैफिक बाधित रहा, लोग हुए परेशान**

काफिले में सैकड़ों वाहन थे। अंबाह कस्बे में तिराहे पर घंटों ट्रैफिक जाम हुआ। इसके बाद मुरैना में बड़ोखर तिराहे से ओवरब्रिज, एमएस रोड से बैरियर तक 4 घंटे अफरा-तफरी मची रही और दो पहिया, चार पहिया वाहन चालक घंटों फंसे रहे।

**एंबुलेंस फंसने से एक महीने के बच्चे की डेढ़ घंटे अटकी रही जान :** विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के बेटे रघु तोमर के काफिले का





उनका समर्थक बैरियर पर स्वागत कर रहे थे। इस दौरान 2 किमी लंबे ट्रैफिक जाम में जिला अस्पताल से कुशवेंद्र (एक माह) पुत्र दीपेंद्र कुशवाह सैमई कैलारस के दिल में छेद था। जिला अस्पताल के पीआईसीयू से बच्चे को जयपुर रैफर किया गया। इस बच्चे को लेकर जा रही एबुलेंस भी काफिले में डेढ़ घंटे फंसी रही। एबुलेंस ड्राइवर रामचित्र पिप्पल ने बताया कि डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस निकालने के लिए रास्ता तक नहीं मिला। न कोई ट्रैफिक वाला न तो कोई सुनने वाला। ईश्वर की कृपा रही कि डेढ़ घंटे बाद एंबुलेंस निकल सकी।

**-स्वागत में लगाई 50 जेसीबी, मृत गौवंश को उठवाने भटकते रहे गौवंश :** रात में टोल प्लाजा पर एक गौवंश एक्सीडेंट में जख्मी हो गया था। मौके पर पहुंचे गोसेवक हेमू पंडित, खगेंद्र शर्मा ने पहले नगर निगम आयुक्त को फोन किया। गाड़ीअड्डा प्रभारी रवि घुरैया को कॉल तो उन्होंने कहा कि निगम की सभी जेसीबी स्वागत में लगी हैं।

**काफिले में फंस गई थी एंबुलेंस, डेढ़ घंटे तक अटकी रही हमारी सांसें :** हमारे भतीजे कुशवेंद्र पुत्र दीपेंद्र कुशवाह सैमई कैलारस के दिल में छेद था। मुरैना के डॉक्टर ने जिला अस्पताल से जयपुर रैफर कर दिया। बैरियर पर काफिले में हमारी एंबुलेंस डेढ़ घंटे फंसी रही। आम आदमी की तो किसी को चिंता ही नहीं है।
– जैसा नवभारत से बातचीत में एंबुलेंस में सवार बीमार बच्चे के फूफा दिनेश कुशवाह ने बताया।

### इनका कहना है...

हमने जुलूस व स्वागत की परमिशन जारी की थी। होर्डिंग-बोर्डिंग की परमिशन निगम जारी करता है। रही बात ट्रैफिक जाम की तो इसकी जबावदेही पुलिस की होती है। **–भूपेंद्र सिंह कुशवाह, एसडीएम मुरैना**


कल विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे के जन्मदिन पर निकाले गए जुलूस और स्वागत-समारोह के दौरान व्यवस्थाएं सुधारने की जबावदेही शासन-प्रशासन की थी। लेकिन अफसर पूरी तरह फेल रहे।
**– मधुराज सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस**

विसं अध्यक्ष के बेटे रघुप्रताप का जन्मदिन उनके समर्थकों ने मनाया। इससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है।
**– कमलेश कुशवाह, जिलाध्यक्ष भाजपा**

### एक नजर में

## 11 केवी लाईन का तार टूटकर गिरा, करंट लगने से भैंस की मौत

**मुरैना, 4 अक्टूबर।** नगर निगम मुरैना के वार्ड-15 आजाद नगर



इलाके में ट्रंच रोड पर राठौर कॉलोनी के पास शनिवार की सुबह 11 केव्ही लाईन का तार टूटकर सड़क पर आ गिरा। तार की चपेट में आने से सड़क पर बंधी एक भैंस को करंट का झटका लगा और बुरी तरह झुलसकर उसकी मौत हो गई। इस दौरान सड़क पर वहां रहने वाले बच्चे भी खेल रहे थे, गनीमत रही कि बच्चे 11 केव्ही लाईन के तार की चपेट में नहीं आए, वरना बड़ा हादसा भी घटित हो सकता था। हादसे के बाद रहवासियों ने तत्काल बिजली कंपनी के अधिकारियों को फोन पर सूचना दी, लेकिन दो घंटे तक वे मौके पर नहीं पहुंचें। वार्ड के रहवासियों का कहना था कि घरों के ऊपर से गुजरी 11 केव्ही लाईन को हटाए जाने की मांग को लेकर उनके द्वारा कई बार बिजली कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन, आवेदन दिए जा चुके है। लेकिन अब तक लाईन को हटाया नहीं गया है। शनिवार को हुए हादसे की वजह से रहवासियों में बिजली कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

## शुगर की बीमारी से परेशान वृद्ध किसान फांसी पर झूला

मुरैना। माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम परीक्षा में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात को 70 वर्षीय बुजुर्ग मुन्ना सिंह परमार पुत्र लज्जाराम सिंह परमार ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि वृद्ध मुन्नासिंह परमार को शुगर की बीमारी थी, जिससे वे परेशान रहा करते थे। कुछ दिनों पहले वे मुरैना शहर के बड़ोखर क्षेत्र में रहने वाली अपनी पुत्री के घर आए थे। जहां कुछ दिन ठहरने के बाद दो दिन पहले ही गांव पहुंचें थे। बहरहाल मुन्ना सिंह ने किन कारणों के चलते फांसी लगाई, यह जांच का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मना लक्ष्मी-नारायण विवाह उत्सव, निकली बारात



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 4 अक्टूबर।** भगवान लक्ष्मीनारायण का

**बैंडबाजों के साथ माहेश्वरी निवास से मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंची बारात**

विवाहोत्सव कस्बा जौरा में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दिव्य शोभायात्रा यानि बारात बैंडबाजों की धुन पर उत्सव गीतों के साथ माहेश्वरी निवास से शुरू हुई, जो चंद्रशेखर आजाद रोड से होकर ओमश्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचीं।

इस बारात में माहेश्वरी परिवार के परिजन एवं रिश्तेदारों के साथ समाज के व्यवहारी, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक बतौर बाराती शामिल हुए। माता-बहनें और बच्चे भी भारी संख्या में सजधज कर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। बाराती बैंड-बाजों की मधुर धुनों एवं कीर्तन गीतों पर नृत्य करते आगे बढ़ रहे थे।

### नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ आत्मीय स्वागत

जौरा नगरवासियों ने इस बारात का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। कई स्थानों पर तोरणद्वार एवं पुष्पमंडप सुसज्जित किए गए, जहां श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर उत्सव का आनंद लिया।

### वैदिक रीति-रिवाजों से आयोजित हुए सभी संस्कार

यह बारात पूर्णत: परंपरागत एवं वैदिक विधि से निकाली गई। बारात एवं विवाह के समस्त संस्कार रामानुज कोट उज्जैन के स्वामी रंगनाथाचार्य एवं स्वामी माधव प्रपन्नाचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए गए।

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 4 अक्टूबर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मप्र-मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री चेतन

**अभाविप की आपातकाल विभीषिका के 50 वर्ष पर संगोष्ठी आयोजित**

सुखड़िया ने कहा कि 1975 में लागू किया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय था। जिसने देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों को कुचलने का काम किया था। आपातकाल के दौरान नागरिक अधिकारों को छीनकर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अंकुश लगाया गया।

संगठन मंत्री श्री सुखड़िया बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। अभाविप के तत्वावधान में आपातकाल विभीषिका के 50 वर्ष पर इस संगोष्ठी का आयोजन शिक्षा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि श्री सुखड़िया ने कहा कि अभाविप लोकतंत्र, राष्ट्रवाद और छात्रों के हित में सदैव सक्रिय रहकर संघर्षरत रही है। कार्यक्रम की भूमिका नगर अध्यक्ष डॉ. विनायक सिंह तोमर द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने संगोष्ठी के उद्देश्य और विषय की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्टि अतिथि मीसाबंदी रामकुमार मिश्र ने आपातकाल की घटनाओं का स्मरण कराते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आपातकाल की विभीषिका से परिचित कराते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति सजगता और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प प्रत्येक छात्र को लेना चाहिए। अंत में आभार प्रर्शन नगर मंत्री ने किया। इस अवसर पर शिवराज शर्मा, शिवकुमार पचौरी, सत्यादित्य सिंह तोमर, राकेश त्यागी, रुस्तम लोधी, आशीष नगाईच सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, प्राध्यापकगण, विद्यार्थियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नगर इकाई के कार्यकर्ता श्रीराम उपाध्याय ने किया।